राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने अरूणाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल डॉ॰ माता प्रसाद के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 20 जनवरी 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने अरूणाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल डॉ॰ माता प्रसाद के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल श्री चौहान ने अपने शोकोद्‌गार में कहा है कि स्व॰ माता प्रसाद जी कमजोर एवं अभिवंचित वर्गों के हितों के प्रति पूर्ण संवेदनशील, सरल–सहज हृदय विद्वान, लोकप्रिय राजनीतिज्ञ एवं कुशल प्रशासक थे, जिनके निधन से राजनीतिक–सामाजिक जगत् को अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत पूर्व राज्यपाल स्व॰ माता प्रसाद की आत्मा को चिरशांति तथा उनके परिजन एवं प्रशंसकों को धैर्य–धारण की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....